आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–23 अगस्त 2025 **सान्ध्य समाचार**

देश भर में आज दूसरा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जा रहा है। आज ही के दिन दो हजार तेइस में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान–तीन की सफल लैंडिंग हुई थी। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक वीडियो संदेश में कहा है कि देश सेमी क्रायोजेनिक इंजन और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन जैसी उन्नत तकनीकों के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ रहा है और शीघ्र ही गगनयान मिशन की शुरूआत करेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनायेगा।

आज भारत सेमी क्रायोजेनिक इंजन और इलेक्ट्रिक प्रपल्सन जैसी ब्रेक थ्रू टेक्नोलॉजी में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जल्द ही, आप सब वैज्ञानिकों की मेहनत से, भारत गगनयान की उड़ान भी भरेगा, और आने वाले समय में भारत अपना स्पेस स्टेशन भी बनाएगा।

प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश के जरिये देश भर के वैज्ञानिकों और सभी युवाओं सहित अंतरिक्ष क्षेत्र से जुडे हर व्यक्ति को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में एक के बाद एक उपलब्धि हासिल कर रहा है और पिछले 11 वर्षों में सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र में कई सुधार किए हैं।

स्पेस सेक्टर में, पॉलिसी लेवल पर भी, कहीं कोई आखिरी ठहराव नहीं होना चाहिए। और इसीलिए, मैंने लालकिले से कहा था, हमारा रास्ता रिफार्म, परफार्म और ट्रांसफार्म का रास्ता है। इसलिए बीते ग्यारह वर्षों में देश ने स्पेस सेक्टर में एक के बाद एक लगातार बड़े रिफार्म्स किए हैं।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा है कि यह दिवस हमें भारत की वैज्ञानिक प्रतिभा पर गर्व का अनुभव कराता है।

****

लखनऊ निवासी अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर आज नई दिल्ली के नेहरू तारामंडल में आर्यभट्ट गैलरी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह हमारे देश के लिए एक स्वर्णिम समय है। हम सभी को इस समय उत्साहित होना चाहिए। अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला पचीस अगस्त को लखनऊ आएंगे । उनके स्वागत को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

****

लखनऊ में आज उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ का बयालीसवां अधिवेशन आयोजित किया गया। इसमें इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली, कई अन्य वरिष्ठ न्यायाधीश और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार की तरफ से उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ को 50 करोड़ रुपये का कॉर्पस फंड उपलब्ध करवाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी राज्य के लिए, उसके परसेप्शन को वहां के जनमानस में विश्वास के रूप में प्रस्तुत करने में न्यायपालिका की एक बड़ी भूमिका होती है। न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के सरकार के प्रयासों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने दस जिलों में इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स बनाने के लिए अपनी सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पॉक्सो कोर्ट, फास्ट ट्रैक कोर्ट और अन्य न्यायालयों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सरकार तीन सौ इक्यासी न्यायालयों के गठन के काम को भी पूरा करा चुकी है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर पहुंचे। उन्होंने गोरखपुर शहर के मानबेला और राप्तीनगर विस्तार योजना में बने दो अलग अलग कल्याण मंडपम का मानबेला से लोकार्पण किया। ये कल्याण मण्डपम अल्प और मध्यम आय वर्ग के लोगों के लिये उनके मांगलिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों को कम खर्च में आयोजित करने के उद्देश्य से बनाये गये हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एक जनसभा को भी सम्बोधित किया।

मुख्यमंत्री कल श्रीगुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा पैडलेगंज के सुंदरीकरण कार्य का भी लोकार्पण करेंगे। प्रदेश सरकार की धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण योजना के तहत दो करोड़ चौतीस लाख उन्हतर हजार की लागत से इस गुरुद्वारे का सौंदर्यीकरण हुआ है।

****

प्रदेश सरकार में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री और वाराणसी जिले के प्रभारी सुरेश खन्ना की अध्यक्षता में आज जिले की विभिन्न परियोजनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में वाराणसी के योगदान की भी समीक्षा की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों की जीडीपी में योगदान को गुणात्मक तौर से बढ़ाने पर जोर दिया।

****

पीलीभीत के जहानाबाद थानाक्षेत्र में बिसेन गांव के पास जहानाबाद रोड पर आज एक कार और ऑटो की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब चार लोग घायल हैं। यह हादसा उस समय हुआ जब कार से टक्कर के बाद ऑटो खाई में पलट गया।

****

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में पचीस अगस्त तक कहीं कहीं भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार आज और कल भारी वर्षा के साथ साथ कुछ स्थानों पर बिजली गिरने की भी आशंका है। इस बीच, गोरखपुर और आसपास के कई पूर्वी जिलों में अधिकतर स्थानों पर आज मौसम साफ रहा और दिन में धूप भी निकली।

****